प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 09.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

आज विश्व आदिवासी दिवस है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य बताया। श्री मुंडा ने कहा कि दुनिया में अपने आदि परंपराओं को लोग समझे सकें और इसके प्रति जागरूक हो सकें, इसलिए यह दिवस हर वर्ष मनाया जाता है।

श्री मुंडा ने कहा कि हर एक आदिवासी को अपनी संस्कृति और परंपराओं पर गर्व करना चाहिए।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में आज रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाईयों पर राखी बांध रही हैं और मिठाई खिलाकर उनके लम्बे जीवन की कामना की जा रही है। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में भाई–बहनों ने पहले मंदिर जाकर भगवान के सामने मत्था टेका और इसके बाद घर आकर अपनी बहनों से राखी बंधवाई। इधर, पूर्वी सिंहभूम जिले के घाघीडीह सेंट्रल जेल में भी राखी का त्यौहार मनाया गया। जेल प्रशासन ने इस खास मौके के लिए विशेष सुरक्षा की व्यवस्था की थी। पाँच–पाँच के समूह में बहनों को प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

****************

आद्रा रेलमंडल के चांडिल स्टेशन के पास आज दो मालगाड़ियों के बीच हुई टक्कर के बाद चांडिल–टाटानगर और चांडिल–बोकारो रूट पर ट्रेनों का परिचालन बाधित है। वहीं, पटना–टाटानगर वंदे भारत, रांची–हावड़ा वंदे भारत और हटिय–झारसुगड़ा मेमू का आज परिचालन रद्द कर दिया गया है। कई ट्रेनों के रुट में भी बदलाव किए गए हैं। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले अपनी ट्रेनों की स्थिति की पुष्टि कर लें। रेलवे ने इस दुर्घटना के उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

****************

पलामू जिले से पुलिस ने चोरी की तीन मोटर साइकिलों को बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि इस गिरोह के दो लोग फरार हैं। पलामू जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बताया कि फरार दोनों चोर की गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

इधर, लोहरदगा जिले के समाहरणालय मैदान के पास पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ की खरीद–बिक्री करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 13 ग्राम ब्राउन शुगर, 4300 रूपये नगद और टोरी से सासाराम जाने का रेलवे टिकट बरामद किया गया है। पुलिस को बताया कि मादक पदार्थ का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग दो लाख 56 हजार 400 रूपये है।

****************

धनबाद जिले के सभी 46 पैक्स केंद्रों में अब जाति, आवासीय, इनकम, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, मैरिज सर्टिफिकेट आदि ऑनलाइन बनाए जा सकेंगे। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****************

जमशेदपुर के टेल्को थाना क्षेत्र स्थित खड़ंगाझार में चोरों ने बीती रात तीन मंदिरों से चांदी के मुकुट, छत्र, नकद रुपये और अन्य बहुमूल्य सामान चोरी कर लिया। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक चोर का विडिओ फुटेज भी आया है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

****************

पूर्वी सिंहभूम जिले के परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित गदड़ा रेलवे फाटक के पास आज ट्रेन की चपेट में आ जाने से 65 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मृतक टाटा मोटर्स के स्थायी कर्मचारी रह चुके थे। वह करीब पांच साल पहले सेवा–निवृत्त हुए थे। दुर्घटना के समय वे जोजोबेड़ा स्थित अपनी बेटी के घर राखी मनाने आए थे।

****************

मौसम विभाग ने पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़, लोहरदगा, हजारीबाग, बोकारो, गिरिडीह, दुमका, जामताड़ा और देवघर में भी मूसलाधार बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले 4 से 5 दिनों तक राज्य में बारिश होती रहेगी।

******समाप्त*******